# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र ( मार्च 2026-27)

**CLASS : 10th (Secondary)  Code NO.001**
**Series : Sec/Annual -2027**
रोल न॰ | | | | | | | | | | |

**SAT - A**

## हिन्दी

(Academic / Open)
(Only for Fresh /Re-appear / Improvement / Additional Candidates)

**समय : 3 घंटे ]** **[ पूर्णांक : 80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 6 तथा 13 प्रश्न हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नं. को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोडें।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। अनुक्रमांक के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

*सामान्य निर्देश:*

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।
(iii) प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ आवश्यकतानुसार यथोचित निर्देश दिए गए हैं।
(iv) प्रश्न के उपभागों को यथासंभव क्रमिक और एक स्थान पर लिखने का प्रयास किया जाए।
(v) शुद्ध, सटीक और तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

# खंड – क

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :-** **15अंक**

(क) सत्याग्रह में समास का भेद बताइए ।

(i).अव्ययीभाव समास (ii).द्विगु समास (iii).द्वन्द्व समास (iv) तत्पुरुष समास **1अंक**

(ख) सदैव (सन्धि का भेद बताइए )

(i).वृद्धि संधि (ii).दीर्घसंधि (iii).यण संधि (iv)अयादि संधि

**1अंक**

(ग़) पर्यायवाची शब्द बताइए: कोयल

(i) कोकिल (ii)काकलीस (iii) प्रभूत (iv)बसंतदूत

**1अंक**

(घ) विलोम शब्द छांटिये: आलस्य

(i). तेज़ी (ii). स्फूर्ति (iii). चंचल (iv,). अंचल

**1अंक**

(ड़) उपसर्ग बताइए: नालायक

(i). यक (ii). लायक (iii). ना (iv). ला

**1अंक**

(च) प्रत्यय बताइए : पंडिताई

(i). आई (ii). अई (iii,). अइ (iv) . ताई

**1अंक**

(छ) मुहावरे का अर्थ बताइए : आसमान सिर पर उठाना

(i).अधिक छानबीन करना (ii).बहुत शोर करना (iii) खरी खोटी सुनाना.(iv) मूर्खतापूर्ण कार्य करना

**1अंक**

**प्रश्न 2 निम्नलिखित प्रश्नों के यथा निर्दिष्ट उत्तर दीजिए:**

(क) दोहा छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। **2 अंक**

(ख) शब्द व पद में अंतर बताइए। **2 अंक**

(ग) अलंकार की परिभाषा सोदाहरण दीजिए **2 अंक**

(घ) शब्द किसे कहते हैं उदाहरण सहित लिखिए। **2 अंक**

**प्रश्न 3 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :** **5 अंक**

(क) ऑनलाइन खरीदारी व्यापार का बदलता स्वरूप

(ख) हरियाणवी युवाओं में बढ़ती विदेश जाने की प्रवृत्ति

(ग) आत्मनिर्भर भारत

(घ) पराली से फैलता प्रदूषण

(ड़) त्योहारों का महत्व

**प्रश्न 4.चरित्र प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए मुख्याध्यापक को पत्र लिखें।** **5 अंक**

अथवा

**प्रातः कालीन भ्रमण का महत्व बताने के लिए छोटे भाई को पत्र लिखें।**

# खंड –ख

**प्रश्न 5. क्षितिज (काव्य खंड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।** **1x 6=6 अंक**

(क) उद्धव को बड़भागी कहने में कौन सा भाव निहित है ?

i. पूजा ii. प्रशंसा iii. गुस्से iv. व्यंग्य

(ख) तुलसीदास ने भृगु कुल केतु शब्द किसके लिए प्रयुक्त किया है ?

i. परशुराम ii.वशिष्ठ iii. विश्वामित्र iv. लक्ष्मण

(ग). बच्चों के शरीर के स्पर्श मात्र से कौन से फूल झड़ने लगे ?

i. गुलाब ii. शेफालिका iii. गुलमोहर iv. गेंदा

(घ) **विश्व के निदाध के सकल** जन यहां **सकल** का क्या अर्थ है ?

i. सुन्दर ii. सब iii. अच्छे iv. दुष्ट

(ङ) फसल किस के स्पर्श की महिमा है ?
i. नदियों का पानी ii. सूरज की किरणों iii. हवा की थिरकन iv. उपरोक्त सभी
(च) संगतकार मुख्य गायक को याद दिलाता है ?
i. बचपन ii. जवानी iii. बुढ़ापा iv. उपरोक्त सभी

**प्रश्न6 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1x 5=5 अंक**

**मन की मन ही माँझ रही। कहिए जाइ कौन पै ऊधौ, नाहीं परत कही।**
**अवधि अधार आस आवन की, तन मन बिथा सही।**
**अब इन जोग संदेसनि सुनि-सुनि, बिरहिनि बिरह दही। चाहति हुतीं गुहारि जितहिं तैं, उत तैं धार बही।**
**'सूरदास' अब धीर धरहिं क्यों, मरजादा न लही।।**

(i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।
(ii) इस पद का प्रसंग स्पष्ट कीजिए।
(iii) धार बही का क्या अर्थ है ?
(iv) अनुप्रास अलंकार का एक उदाहरण लिखिए।
(v) गोपियों की कौन सी बात मन में रह गई ?

**प्रश्न7. निम्नलिखित काव्यांश का भाव व काव्य सौंदर्य स्पष्ट कीजिए- 3अंक**

**बिहसि लखनु बोले मृदु बानी। अहो मुनीसु महाभट मानी ॥**
**पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारू। चहत उड़ावन फूँकि पहारू ॥**

**प्रश्न8. (क) आत्मकथ्य कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए। 3+3= 6 अंक**
**(ख) उद्धव के व्यवहार की तुलना किस-किस से की गई है?**

## खण्ड-ग

**प्रश्न9. क्षितिज (गद्य -खंड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित उत्तर पुस्तिका में लिखिए। 1x 6= अंक**

**(क)** हालदार साहब ने नेताजी की प्रतिमा के चश्मे के बदलते रहने के बारे में किस से पूछा ?
i. पानवाले ii. कैप्टन iii. ड्राइवर iv. चाय वाले से
**(ख)** बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ कब शुरू होती थीं?
i. कार्तिक ii. आषाढ़ iii. अश्विन iv. फागुन
(ग). बाल गोबिन भगत की मृत्यु का क्या कारण था ?
i. दुर्घटना ii. बीमारी iii. भूख iv. बेटे की मृत्यु की चिंता
(घ) मन्नू भंडारी का जन्म मध्य प्रदेश के कौन से गांव में हुआ?
i. मायापुरी ii. प्रेम नगर iii. ब्रह्मपुरी iv. भानपुरा
(ङ) संकट मोचन मंदिर काशी की किस दिशा में है?
i. पूर्व ii.दक्षिण iii. उत्तर iv. पश्चिम
(च). नई चीज की खोज कौन करता है?
i सभ्य व्यक्ति ii. संस्कृत व्यक्ति iii. जंगली व्यक्ति iv. प्रवीण व्यक्ति

**प्रश्न 10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1x 5=5 अंक**

आसमान बादल से घिरा, धूप का नाम नहीं। ठंडी पुरवाई चल रही। ऐसे ही समय आपके कानों में एक स्वर-तरंग
झकार-सी कर उठी। यह क्या है यह कौन है? वह पूछना न पड़ेगा। बालगोबिन भगत समूचा शरीर कीचड़ में लिथड़े अपने खेत में रोपनी कर रहे हैं। उनकी अंगुली एक-एक धान के पौधे को, पंक्तिबद्ध, खेत में बिठा रही है। उनका कंठ एक-एक शब्द को संगीत के जीने पर चढ़ाकर कुछ को ऊपर, स्वर्ग की ओर भेज रहा है और कुछ को इस पृथ्वी की मिट्टी पर खड़े लोगों के कानों की ओर। बच्चे खेलते हुए झूम उठते हैं। मेड़ पर खड़ी औरतों के होंठ कांप उठते हैं, वे मुनगुनाने लगती हैं। हलवाहों के पैर ताल से उठने लगते हैं। रोपनी करने वालों की अंगुलियों एक अजीय क्रम से चलने लगती हैं। बालगोविन भगत का यह संगीत है या जादू!

प्रश्न-(क) पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।
(ख) बाल गोबिन भगत क्या कर रहे थे ?
(ग) बच्चे और महिलाएं क्या कर रहे थे ?
(घ) लेखक ने किस अवसर का वर्णन किया है ?
(ङ) बाल गोबिन भगत के संगीत को जादू क्यों कहा गया ?

प्रश्न 11.**रामवृक्ष बेनीपुरी** अथवा **यतींद्र मिश्र** का जीवन परिचय देते हुए उनकी रचनाओं, साहित्यक विशेषताओं एवं भाषा शैली पर प्रकाश डालिए। **5 अंक**

**प्रश्न 12 (क) 'पान वाले का रेखा चित्र स्पष्ट कीजिए।**
**2+2=4 अंक**

**(ख) एक कहानी यह भी आत्मकथा के आधार पर बताइए कि वह कौन सी घटना थी जिसके बारे में सुनने पर लेखिका**
**को ने अपने कानों पर विश्वास हो पाया और ने अपने कानों पर?**

## खंड –घ

**प्रश्न 13. कृतिका भाग–2 के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए। 3+2+2=7 अंक**

(क) माता का आंचल पाठ शीर्षक की उपयुक्तता बताते हुए कोई अन्य शीर्षक सुझाइए । **3 अंक**

अथवा

"साना साना हाथ जोड़ि" यात्रा वृतांत में गंतोक को मेहनतकश बादशाहों का शहर क्यों कहा गया ?

(ख) "साना साना हाथ जोड़ि 'यात्रा वृतांत में लेखिका ने हिमालय के जिन–जिन रूपों का चित्र खींचा उन्हें अपने शब्दों में लिखिए? 2अंक

(ग) 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर बताइए लेखक को कौन सी बातें लिखने के लिए प्रेरित करती हैं। 2 अंक

## खण्ड–ङ

**प्रश्न 14. आदर्श जीवन मूल्य मध्यमा (पाठ्य–पुस्तक) के आधार पर निम्नलिखित मे से किन्हीं चार प्रश्नोंके उत्तर अपनी उतर पुस्तिका में लिखिए। 2x 4=8 अंक**

(क) **मनुष्य की श्रेष्ठता कैसे आंकी जा सकती है?**

**(ख) ज्ञान को कैसे प्राप्त किया जा सकता है**

**(ग) उत्साह पूर्वक जीवन जीने से क्या लाभ मिलता है**

**(घ) बिजली का उत्पादन करने से उन्हें क्या लाभ मिला ?**

**(ङ) एकलव्य ने किस प्रकार शिक्षा ग्रहण की ?**